सत्यमेव जयते

Dr. Subhash Chandra

Member of Parliament (Rajya Sabha)

5/07/2020

DO. N0. SGO/H/2020/141

प्रशंसा पत्र

मुझे यह जानकार अति प्रशंसा हुई है कि नेहरू युवा केंद्र हिसार द्वारा सम्पूर्ण हिसार में कोविड 19 महामारी से बचाव व इसकी रोकथाम हेतु प्रभावी प्रयास किये है ।

नेहरू युवा केंद्र हिसार के स्वयंसेवक सामाजिक जागरूकता, आरोग्य सेतु एप्प के उपयोग द्वारा आमजन को महामारी से बचाव हेतु प्रोत्साहित कर रहे हैं । नेहरू युवा केंद्र हिसार के स्वयंसेवक प्रशासन का भरपूर सहयोग कर रहे हैं और घर में निर्मित फेस मास्क तैयार कर वितरण कर रहे हैं साथ ही खाद्य सामग्री के पैकेट भी वितरण कर रहे है ।

विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगो को जागरूक कर रहे हैं । इस कार्यक्रम में 168 युवा क्लब के सदस्य विभिन्न कार्यो में लगे हैं । 304 गाँवों में जागरूकता फ़ैलाने का कार्य किया जा रहा है । मास्क बनाने के कार्य में 37344 लोगो ने भाग लिया तथा अपने आस पास के क्षेत्र में वितरित किये । वीडियो एवं ज़ूम एप्प के माधयम से 27458 लोगो को कोरोना से बचाव के तरीको से अवगत करवाया । कुल 37355 लोगो को आरोग्य सेतु एप्प के विषय में जानकारी प्रदान कर उनके फ़ोन में एप्प डाउनलोड करवाई गई। वृद्ध व्यक्तियों के लिए विशेष देख रेख के लिए 25969 लोगो को विभिन्न माध्यमों से प्रशिक्षण दिया गया ।

नेहरू युवा केंद्र हिसार के स्वयंसेवको ने प्रशासन के साथ मिलकर हिसार जिले के बैंक एटीएम पर सोशल डिस्टन्सिंग के लिए ड्यूटी देने का कार्य किया। नेहरू युवा केंद्र हिसार के स्वयंसेवको ने हिसार जिले की अनाज मंडियों में सोशल डिस्टन्सिंग व दूसरी व्यवस्थाओं में एवं किसानो को सहयोग हेतु बढ़-चढ़कर योगदान दिया ।

मुझे आशा और पूर्ण विश्वास है कि नेहरू युवा केंद्र हिसार द्वारा कोविड 19 की रोकथाम के लिए किये जा रहे सामाजिक कार्यो से इस महामारी के विरूद्ध अभियान को मजबूती मिलेगी और अधिक से अधिक युवाओ को समाज व देश सेवा की प्रेरणा मिलेगी ।

मैं नेहरू युवा केंद्र हिसार के पदाधिकारिओ व इससे जुड़े हिसार के युवाओ को जनहित में निस्वार्थ भाव से किये जा रहे प्रयासों के लिए शुभकामनाये देता हूँ।

डॉ सुभाष चंद्रा

5, Ferozshah Road, New Delhi - 110001 • Tel. : +91-11-23072615, 16, 17, 19
E-mail : drsubash.chandra@sansad.nic.in • Twitter : @subashchandra